Bareilly, Saturday,
8 April 2023
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण inext

Page No. 02 : Bottom

एसआरएमएस ने जीता खिताब

टूर्नामेंट की विजेता टीम को ट्रॉफी के साथ 31 हजार रुपये का पुरस्कार

टी-20 प्राइज मनी का जीता खिताब.

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (7 April): एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी ने शुक्रवार को खेले गए फाइनल मैच में आर्मी मस्टैलियन को सात विकेट से हरा दिया. श्रीराममूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया. विजेता टीम को चमचमाती चैंपियन ट्राफी के साथ 31 हजार रुपये का पुरस्कार दिया गया. टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले दक्ष राणा को मैन आफ द टूर्नामेंट चुना गया. वहीं फाइनल हारने वाली टीम आर्मी मस्टैलियन को रनर अप ट्रॉफी और 21 हजार रुपये का पुरस्कार दिया गया.

56 रन का स्कोर

एसआरएमएस इंजीनियरिंग कालेज स्थित श्री राममूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम में शुक्रवार को एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी और आर्मी मस्टैलियन के बीच फाइनल मैच खेला गया. आर्मी मस्टैलियन ने टास जीत कर पहले खेलते हुए 7.1 ओवर में 56 रन का स्कोर खड़ा कर लिया. सारे खिलाड़ी 18.5 ओवर में 110 रन बना कर आउट हो गए.

हर्ष राणा मैन ऑफ द मैच

जीत के लिए 110 रन का पीछा करने उतरी एसआरएमएस की टीम शुरुआत में डगमगा गई. इसके बाद सधी पारी खेलते हुए टीम ने 17.1 ओवर में जीत हासिल कर ली. ऑल राउंड खेल की वजह से एसआरएमएस के हर्ष राणा को मैन ऑफ द मैच चुना गया. मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य विकास अधिकारी जग प्रवेश मौजूद रहे. उनके साथ एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव व बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के संरक्षक आदित्य मूर्ति, बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के सेक्रेटरी सीताराम सक्सेना, अध्यक्ष सरफराज वली खां, इंजीनियर सुभाष मेहरा, डा. प्रभाकर गुप्ता, डा. एमएस बुटोला, डा. अनुज कुमार, डा. एलएस मौर्य, डा. रिंटू चतुर्वेदी, पीएनबी के चीफ मैनेजर संजय चौधरी, मैनेजर पुनीत टंडन, कोच मनीष सिंह, कोच नितिन सक्सेना, शंकरपाल सहित तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे.